

## एक नजर में

### वटकेश्वर महादेव मंदिर में जीर्णोद्धार एवं विशाल डोम निर्माण का भूमि पूजन संपन्न



सीतामऊ। नगर के प्राचीन वटकेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर जीर्णोद्धार एवं परिसर में बनने वाले विशाल डोम निर्माण कार्य का भूमि पूजन रविवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमि पूजन से पूर्व मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजन, अभिषेक एवं हवन किया गया। अनुष्ठान में सुमित रावत, धर्मेंद्र शर्मा, भूपेंद्र राजपुरोहित, महेश बैरागी, भूपेंद्र त्रिवेदी, नयन जैन एवं पलाश मेहता सहित सात यजमानों ने विधि-विधान से पूजन किया। कार्यक्रम में महंत जितेंद्रदास जी महाराज, पंडित प्रवीण द्विवेदी एवं मंदिर पुजारी भेरू गोस्वामी का सम्मान किया गया। इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक हरदीपसिंह डंग, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विशाल डोम एवं जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। विधायक हरदीपसिंह डंग ने मंदिर के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने कहा कि मंदिर विकास कार्य नगर की आस्था और गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत चतुर्वेदी ने किया एवं आभार सभापति विवेक सोनगरा ने माना। अंत में महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### मुख्यमंत्री ने जिले की ढाई लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 39 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की




मंदसौर। मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 38 वीं किश्त जारी की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माह जून की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर मंदसौर जिले की 2 लाख 60 हजार से अधिक लाडली बहनों को 39 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया मुख्यमंत्री के उद्बोधन को उपस्थित जनों ने सुना। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंकिता पंड्या ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले की कुल 2 लाख 60 हजार 365 लाड़ली बहनों को 39.05 करोड़ रुपये की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

## मामूली बारिश में ही श्रीजी नगर की सड़कें बनी तालाब

**वार्ड क्रमांक 05 में घरों के बाहर भरा रहता पानी, दुर्घटना की आशंका; नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर उठे सवाल**



मंदसौर। शहर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित श्रीजी नगर (शनि मंदिर के पास) क्षेत्र में हल्की बारिश के बाद ही जलभराव की गंभीर समस्या सामने आ गई है। क्षेत्र की सड़कों पर पानी भर जाने से रहवासियों को दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घरों के बाहर और सड़क पर जमा पानी ने स्थानीय नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है।नालिया जाम होने की वजह से समस्या ओर बढ़ गई है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार बारिश रुक जाने के बाद भी लंबे समय तक पानी सड़कों पर जमा रहता है, जिससे लोगों को घरों से निकलने और आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में परेशानी होती है। कई स्थानों पर पानी भर जाने से सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगी हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में जल निकासी की समस्या कोई नई नहीं है। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारिश से पहले नालियों की समुचित सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाता तो आज यह स्थिति नहीं बनती। नागरिकों ने पार्षद की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। रहवासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि हल्की बारिश में ही ऐसी स्थिति बन रही है तो आगामी दिनों में तेज एवं लगातार बारिश होने पर हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। जलभराव के कारण गंदगी फैलने और मच्छरों के प्रकोप की आशंका भी बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि श्रीजी नगर क्षेत्र का तत्काल निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा स्थायी समाधान के लिए आवश्यक निर्माण एवं सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बारिश के पूरे मौसम में उन्हें इसी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## वायु सेवा से सेवानिवृत सैनिक खिमेसरा का स्वागत

मंदसौर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर द्वारा भारतीय वायु सेना से 20 वर्ष सेवा पूर्ण कर लौटे वैभव खिमेसरा का नगर आगमन पर भारत माता चौराहा पर माला, श्री फल से स्वागत सम्मान किया।

संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने कहा कि आज के युद्ध मिसाइल, रॉकेट और हवाई रास्ते से दुश्मन के एरिया में बमबारी बरसाए जा रहे हैं, हमले हवाई फाइटर से हो रहे हैं जिसमें वायु सेना की अहम भूमिका रहती है। वही विनय दुबेला ने कहा कि आज हम और हमारा मंदसौर लगातार सैनिकों का स्वागत कर रहे है और वायु सैनिक का अनुभव हम आज के युवाओं के वैभव के माध्यम से देंगे और अधिक संख्या में वायु सेना में युवाओं को भेजने का प्रयास करेंगे। शहर के प्रमुख समाजसेवी संगठनों ने नगरवासियों ने सैनिक वैभव का स्वागत सम्मान किया। स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा, गांधी चौराहा, सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा होते हुए सैनिक के निवास मंदसौर पाटिल कालोनी पहुंची जहाँ भव्य स्वागत के साथ स्वागत सम्मान कार्यक्रम का समापन हुआ।पूर्व सैनिकों के जिला कार्यकारणी की बैठक मंदसौर नगर पालिका सभागृह में संपन्न हुई जिसमें 26जुलाई को आने वाले कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाई इस अवसर पर समाजसेवी विनय दुबेला, पूर्व सैनिक संगठन मार्गदर्शक श्रवण कुमार त्रिपाठी, रतन सिंह शक्तावत, आर एस जांगिड, जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, पालड़ी दशरथ सिंह चौहान, मोहनलाल पांपोडिया, लोकेंद्र सिंह चंद्रावत, रमेश चंद शुक्ला, ऋषि राज गुर्जर, दिनेश सिंह गुर्जर, विकास ग्वाल, प्रहलाद राठौड़, लाल सिंह चंद्रावत, सन्नी भावसार, रूपचंद महावर, जितेंद्र माली आदि थे।

## बचपन के साथियों के बीच अतुल भट्ट की सेवानिवृत्ति पर हुआ स्नेह मिलन समारोह

**पुरानी यादों को किया साझा, नए दौर की जानकारियों पर भी हुई चर्चा**

**मंदसौर। प्रिय मित्र अतुल भट्ट के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में उनके बचपन के साथियों द्वारा एक आत्मीय एवं यादगार स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्षों पुराने मित्र एक साथ एकत्रित हुए और अपने बचपन की मधुर स्मृतियों को साझा कर भावुक क्षणों का आनंद लिया।**

इस अवसर पर सभी साथियों ने अतुल भट्ट के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल आगामी जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान बचपन के दिनों की घटनाओं, मित्रता के पुराने प्रसंगों और साथ बिताए गए यादगार पलों को सभी ने साझा किया।

मिलन समारोह में बदलते समय और नई पीढ़ी से जुड़ी आधुनिक तकनीक, सामाजिक बदलाव तथा वर्तमान दौर की विभिन्न जानकारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी मित्रों ने आपसी स्नेह, सहयोग और मित्रता के इस रिश्ते को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अतुल भट्ट के बचपन के साथी एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**मंदसौर। स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार समाज एवं राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकता है। इसी सोच के साथ दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप के तत्वाधान में 12 जुलाई 26, रविवार को अपने द्वितीय सेवा प्रकल्प के रूप में एक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन तलेरा विहार मंदिर के पास आयम्बिल शाला में किया गया। करीब 200 से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित होने का अवसर मिला।**



आयोजन के मुख्य लाभार्थी श्री अमृतकुमार, संजय कुमार पोरवाल रहे जिन्होंने माताजी स्व. श्रीमती चन्द्रकान्ता की पुण्य स्मृति में इस प्रकल्प को संकल्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सकल जैन समाज व बीसा पोरवाल समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन (गोटावाले), श्वेताम्बर जैन मंदिरमार्गीय समाज अध्यक्ष श्री निर्मल मच्छी रक्षक एवं दशपुर बीसा पोरवाल स्थानक समाज के अध्यक्ष अजीत थम्बा वाले उपस्थित रहे। साथ ही सोश्यल ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष संदीप गुप्ता, पवन जैन व नितिन भावगढ़ वाले भी उपस्थित हुए। इसके अलावा सोश्यल ग्रुप के वर्तमान मार्गदर्शक मण्डल अशोक उकावत, संयोजक प्रमोद (भावग? वाले), अध्यक्ष रितेश भगत, उपाध्यक्ष संजय जैन विक्रम, सचिव शुभम पोरवाल, कोषाध्यक्ष पीयूष जैन नाहरग? वाले , प्रवक्ता विकास कोठारी, संचालक मण्डल सदस्य दिनेश जी, शेलेन्द्र भगत, विशाल जैन, आयुष जैन, मनोज पोरवाल, नितेश जैन, अरुण जैन, कपिल जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी। शिविर में डॉ. बी. एल. पाटीदार, डॉ.राजमल पाटीदार, डॉ. लोकेन्द्र पाटीदार, डॉ. सी . पी. पाटीदार एवं डॉ. लोकेश पाटीदार की चिकित्सा सेवाओं का सभी को लाभ प्राप्त हुआ। साथ ही समाज के विशिष्ट व्यक्तियों ने भी जिसमें डॉ. अशोक जैन, दिलीप जैन, पराग जैन व सोश्यल ग्रुप एवं समाज के कई सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति दर्ज हुयी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता विकास कोठारी ने किया ।

## आज संगठन के लिए पसीना बहाएंगे तो चुनाव में संघर्ष नहीं करना पड़ेगा : सुरेश आर्य

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर की मासिक कामकाजी बैठक शनिवार को वृंदावन रिसॉर्ट, सीतामऊ में भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, विधायक हरदीपसिंह डंग सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि भाजपा आज कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर देश का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। संगठन की मजबूती बूथ और शक्ति केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं से होती है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता आज संगठन के




लिए पूरी निष्ठा से पसीना बहाएंगे तो चुनाव के समय संघर्ष की स्थिति नहीं आएगी। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क, संगठन विस्तार और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षण, सक्रियता और नियमित समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर बूथ समिति के सभी सदस्यों का प्रशिक्षण समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ समिति के 21 सदस्यों का प्रशिक्षण पूर्ण कर मंदसौर जिले को प्रदेश में अग्रणी स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर लगातार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक अभियानों को सफल बनाने के लिए सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों का सम्मान किया गया। साथ ही जिले के 21 मंडलों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्ष आदि थे।

# नीमच

## एक नजर में

### जिले में अब तक औसत 258 .2 मि .मी . वर्षा दर्ज

नीमच। जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान 1 जून 2026 से 12 जुलाई 2026 की प्रात: 8 बजे तक जिले में औसत 258 .2 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 338 .7 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में तहसीलवार वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 333 .0 मि .मी., जावद में 239 .0 मि .मी., सिंगोली में 240 .9 मि .मी . तथा मनासा में 220 .0 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 303 .0 मि .मी., जावद में 402 .0 मि .मी., सिंगोली में 449 .1 मि .मी . तथा मनासा में 201 .0 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 12 जुलाई 2026 की प्रात: 8 बजे तक बीते 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन वर्षा दर्ज नहीं की गई। इस अवधि में नीमच, जावद, सिंगोली एवं मनासा तहसीलों में वर्षा शून्य रही।

### भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा का रक्तदान शिविर, 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य




नीमच। सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को साकार करते हुए भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा ने स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रेडक्रॉस ब्लड बैंक में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में परिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों, समाजसेवियों, युवाओं, महिलाओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शाखा अध्यक्ष प्रवीण अरोंदेकर ने बताया कि शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसकी प्रत्येक यूनिट किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकती है। विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं अन्य गंभीर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की विशेषता यह रही कि महिला रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति समाज को सकारात्मक संदेश दिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों का परिषद की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया तथा उनके मानवीय योगदान की सराहना की गई। आयोजकों ने नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित रक्त की उपलब्धता समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान कर किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उल्लेखनीय है कि नीमच शहर लंबे समय से रक्तदान और नेत्रदान जैसी जनसेवा की प्रेरणादायी परंपराओं के लिए जाना जाता है। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा का यह रक्तदान शिविर सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

## नीमच में ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता रोका, झगड़े में मां समेत दो बेटे घायल

**नीमच। जिले के मनासा थाना क्षेत्र के ग्राम आंतरी माताजी में शनिवार को जमीन की मेढ़ और करीब 30 साल पुराने रास्ते के इस्तेमाल को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। हमले में एक ही परिवार की मां और उनके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

जानकारी के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच जमीन की मेढ़ को लेकर लंबे समय से पुराना विवाद चल रहा था। शनिवार को एक पक्ष के लोगों ने रास्ते के बीच में अपना ट्रैक्टर खड़ा कर दिया और दूसरे पक्ष का रास्ता रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। इस मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है।



**मां और दो बेटे लहूलुहान, एक की हालत नाजुक:** इस जानलेवा हमले में इंदिरा बाई और उनके दो बेटे विशाल सूर्यवंशी व जीतू सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को तुरंत मनासा के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल बेटों में से एक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

**समय पर नहीं पहुंची पुलिस, लहूलुहान पड़ा रहा युवक:** घायलों के परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि वारदात के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी थी, लेकिन पुलिस की गाड़ी समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके चलते गंभीर रूप से घायल युवक काफी देर तक मौके पर ही तड़पता और लहूलुहान हालत में पड़ा रहा। बाद में आस-पास के लोगों और रिश्तेदारों ने खुद ही व्यवस्था कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**पहले भी की थी शिकायत, कार्रवाई न होने से बढ़े हौसले:** अस्पताल में भर्ती घायल विशाल सूर्यवंशी ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी पक्ष खेत की मेढ़ और रास्ते को लेकर उन पर पहले भी कई बार जानलेवा हमले की कोशिश कर चुका है। इसकी लिखित शिकायत पहले भी थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने तब कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पुलिस की इसी ढिलाई की वजह से आरोपियों के हौसले बढ़ गए और उन्होंने इस बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। मनासा थाना पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद परस्पर शिकायत (क्रॉस केस) दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की पूरी गहराई से जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुग्ध समृद्धि अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत 13 जुलाई से

नीमच। प्रदेश शासन द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने एवं वैज्ञानिक पशुपालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि अभियान' के तृतीय चरण का आयोजन 13 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले में पशुपालकों से सीधे संपर्क कर उन्हें उन्नत पशुपालन, नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर डॉ.संदीप शर्मा को नोडल अधिकारी तथा विकासखंड स्तर पर संबंधित विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान के अंतर्गत 3 से 4 गौवंश एवं भैंसवंशीय पशु रखने वाले पशुपालकों के घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा।

जिले में अभियान के लिए 201 प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई है, जिन्हें जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। अभियान के दौरान जिले के 10,084 पशुपालकों से संपर्क करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

गृह भ्रमण के दौरान कार्यकर्ता पशुपालकों को नस्ल सुधार, संतुलित एवं वैज्ञानिक पशु आहार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी देंगे। साथ ही हरे चारे के महत्व, साइलेज के उपयोग एवं उपलब्धता के संबंध में जागरूक करेंगे। उन्नत पशुपालन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पशुपालकों को चार शैक्षणिक रील साझा की जाएंगी तथा वैज्ञानिक पशु पोषण को सरल बनाने हेतु शासन द्वारा विकसित 'गोरस ऐप' डाउनलोड भी कराया जाएगा।

## ब्लॉक कांग्रेस रतनगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन किया

रतनगढ़। संगठन - सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा जावद प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में, ब्लॉक अध्यक्ष रतनगढ़ शंभू भाई चारण के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण एवं समस्त जनप्रतिनिधियों एवं समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति में रतनगढ़ ब्लॉक के मोरवन मंडलम की बसेड़ी भाटी व सम्मेल में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का सभी की सहमति से गठन किया गया बसेड़ी भाटी पंचायत अध्यक्ष चेतन सीह व सम्मेल पंचायत अध्यक्ष राय सिंह गुर्जर को बनाया गया .ग्राम पंचायत समिति के माध्यम से गांव-गांव तक कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा ।इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को ब्लॉक कांग्रेस व मंडलम कांग्रेस की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, कार्यक्रम में सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शंभू दान चारण, मोरवन मंडलम अध्यक्ष फतेह सिंह जाट, रतनगढ़ मंडलम अध्यक्ष निसार अब्बासी, ठाकुर साहब हर्षपाल सिंह, ठाकुर गजेंद्र सिंह, चेतन सीह, राय सिंह गुर्जर, नितेश दायमा, राम लाल जाटव दिनेश गोस्वामी, मेघराज सोनी, कालूराम रेगर पूर्व सरपंच, जय सिंह बंजारा, तेजमल बंजारा, नंदलाल जाटव, भुवानी राम बंजारा, पिंटू गुर्जर, सचिन गुर्जर, दीपक गुर्जर, आदि थे।

**एक नजर** — डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. संस्कार कोठारी ने क्लब के स्थायी प्रकल्पों की सराहना

## रोटरी डायमंड का पदग्रहण समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा

नीमच। रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा रोटरी सत्र 2026-27 के नवीन पदाधिकारियों का पदग्रहण समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. संस्कार कोठारी की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में लायन डेन, गोमाबाई नेत्रालय रोड पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ उसके पश्चात माँ सरस्वती एवं रोटरी के संस्थापक पॉल पी. हैरिस के चित्र पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. संस्कार कोठारी, इंस्टॉलेशन ऑफिसर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. दर्शन सिंह गांधी एवं सहायक मण्डलाध्यक्ष रोटे. पवन पोरवाल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण




किया गया।ततपश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण सत्र 2025-26 के अध्यक्ष रोटे. सौरभ शर्मा द्वारा दिया गया। इसके पश्चात पद एवं गोपनीयता की शपथ से पूर्व कॉलर एवं रोटरी पिन का आदान-प्रदान किया गया। सत्र 2025-26 के अध्यक्ष रोटे. सौरभ शर्मा ने नवीन अध्यक्ष रोटे. गुणवंत जैन को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर दायित्व सौंपा। सत्र 2025-26 के सचिव रोटे. आशीष सैनी ने नवीन सचिव रोटे. धीरज गांधी को सचिवीय कॉलर प्रदान किया। वहीं सत्र 2025-26 के कोषाध्यक्ष रोटे. भुवनेश शर्मा ने नवीन कोषाध्यक्ष रोटे. अनुज चंडक को रोटरी पिन लगाकर दायित्व हस्तांतरित किया। इसके पश्चात इंस्टॉलेशन ऑफिसर रोटे. दर्शन सिंह गांधी ने रोटे. गुणवंत जैन को अध्यक्ष, रोटे. धीरज गांधी को सचिव, रोटे. अनुज चंडक को कोषाध्यक्ष सहित वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवीन अध्यक्ष रोटे. गुणवंत जैन ने अपने उद्बोधन में रोटरी सत्र 2026-27 के विजन से सदन को अवगत कराया।